संख्या -12
मई, 2024

# अकादमी न्यूज़

## डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल

**हमारा ध्येय**

हम लोक सेवकों, व्यावसायिकों, विकास कार्मिकों एवं जन– प्रतिनिधियों में कुशल कार्य निष्पादन हेतु क्षमता विकास का कार्य करते हैं।

**संरक्षक**
बी0 पी0 पाण्डेय, महानिदेशक
मुहम्मद नासिर, संयुक्त निदेशक (प्र0)
**सम्पादक**
डॉ0 महेश कुमार, संयुक्त निदेशक
**प्रारूप**
आनन्द कुमार
**सहयोग**
दिनेश कुमार राणा, उप निदेशक (वित्त)
डॉ0 दीपा मेहरा रावत, सहायक निदेशक (व्य.वि.)
मनोज कुमार
योगेश कुमार



## बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अष्टम बैठक

दिनांक 08 मई, 2024 को मुख्य सचिव उत्तराखण्ड श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल की गवर्निंग बॉडी की बैठक आयोजित हुयी। महानिदेशक अकादमी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में अकादमी में संचालित 214 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया। अकादमी लेखाशीर्षक '2070–अन्य प्रशासनिक सेवायें–00–आयोजनेत्तर–003– प्रशिक्षण–03–राज्य प्रशासन अकादमी, नैनीताल' के अन्तर्गत विभिन्न मानक मदों में वित्तीय वर्ष के दौरान हुए व्ययों का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। बोर्ड द्वारा अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर सन्तोष व्यक्त करते हुए अनुमोदित किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा अकादमी के कार्यों से सन्तुष्ट होते हुए डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी की कार्यकारिणी समिति को निम्न महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किये :–

- अकादमी से प्रकाशित होने वाली वैचारिकी की 50 प्रतियाँ उत्तराखण्ड शासन को भी प्रेषित की जाये।
- लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी की भाँति अकादमी के अन्तर्गत एक Children Gallery की स्थापना का सुझाव दिया गया।
- माह जुलाई, 2024 से पूर्व I.P.C., Cr. P.C., C.P.C. एवं अन्य कानूनों में हुए बदलावों से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम अकादमी द्वारा आयोजित किये जायें। जिसमें मुख्य रूप से उप जिला मजिस्ट्रेट व राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाये।
- अकादमी में आयोजित किये जाने वाले सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में Soft Skill, Attitudinal and Behavioral changes, और Ethics in Governance को भी सम्मिलित किया जाय।
- अकादमी द्वारा विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किये जाने पर विचार किया जाये।
- POCSO, PCPNDT & Cyber Crime Act आदि से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायें।
- स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन हेतु **House of Himalaya Product** को अकादमी परिसर में न्यून दरों पर स्थान उपलब्ध कराया जाये। जिस सम्बंध में सचिव ग्राम्य विकास को आवश्यक सहयोग हेतु निर्देशित किया गया।

## 3rd Special foundation Course for Exercise Inspector, Uttarakhand



उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित आबकारी विभाग उत्तराखण्ड के 08 आबकारी निरीक्षकों हेतु दिनांक 01 मई, 2024 से 15 मई, 2024 तक की अवधि में डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में 15 दिवसीय तृतीय **''विशेष आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम''** (3rd Special Foundation Course)' का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षणार्थी अधिकारी उत्तराखण्ड परिचय, संविधान, सेवा नियम तथा अनुशासनिक कार्यवाही, विधि एवं विधि शास्त्र, कार्यालय प्रबन्ध एवं प्रक्रिया, वित्त एवं लेखा सम्बन्धी कार्य, प्रबन्ध एवं मानव संसाधन विकास, सुशासन एवं विकास की अवधारणा, व्यवहार एवं मुद्दे, कम्प्यूटर परिचय आदि विषयों के बारे में परिचित हुए। उक्त 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को उपरोक्त महत्वपूर्ण विषयों के अन्तर्गत Protocol Rules, New Pension Scheme, Ethics & Values in Administration, Understanding Emotional Intelligence, The Prevention of Corruption Act 1988, GST overview, Gender Issues/ POSH, Disaster Management Act & Constitutional Framework, Background and Overview of RTI, An Overview of Forest Department with Special Reference to Environmental Laws, Wildlife Act, Coping With Stress / Stress Management, Elements of Good Governance, Development Planning, E-office Management, Concept of Cooperation and Coordination, Cyber Crime and Cyber Security etc. आदि विषयों पर ज्ञानवर्धन किया गया।

भविष्य को लेकर सपने देखना, अतीत से जुड़े इतिहास से कई ज्यादार सुंदर है। "थॉमस जेफरसन"

## Finance and Office Management



अकादमी में दिनांक 06–05–2024 से 10–05–2024 की अवधि में Finance and Office Management विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 60 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को कार्यालय प्रबंधन तथा वित्त संबंधी नियमावलियों के विषय में जानकारी प्रदान कराना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में Uttarakhand Govt. Servant Conduct Rules, ACR, Disciplinary Proceedings, Appointment, Con firmation, Promotion Rules, Seniority, Reservation, Deputation in Service, Scruitny, Resingnation, VRS, Compulsory Retirement, Termination of Temporary Govt. Servant, Noting & Drafting in Govt. Files, Types of Letters, Weeding Rules of Official Documents in Govt., GST Overview, Returns and TDS Provisions IFMS, Online ACR, IFMS, Leave Rules, LTC Rules, ACP, MACP Procurement Rules आदि विषयों पर प्रतिभागी अधिकारियों को वार्तायें प्रदान की गयी।

## Localisation of SDGs and Their Monitoring



अकादमी में दिनांक 20–21 मई, 2024 की अवधि में Localisation of SDGs and their monitoring विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों के 47 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विभागों के मध्य सतत विकास लक्ष्यों के सम्बन्ध में बेहतर समझ बनाना रहा जिससे कि ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वयन से सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से सम्बन्धित विभिन्न थीमों के संदर्भ में बेहतर कार्य किया जा सके तथा ग्रामीण स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों को ससमय प्राप्त किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व सचिव पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार श्री सुनील कुमार, पूर्व अपर मुख्य सचिव, तमिलनाडु तथा अध्यक्ष LSDG तथा पंचायत विकास सूचकांक समिति श्रीमती जयश्री रघुनन्दन, सहित विभिन्न वार्ताकारों द्वारा LSDG तथा पंचायत विकास सूचकांक से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर सत्र लिये गये।

## डा0 त्रिभुवन बेंजवाल को मिला सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु राज्यपाल पदक



श्री राज्यपाल महोदय की घोषणा के क्रम में डा0आर0एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में वर्ष 2023–24 में संचालित समस्त व्यावसायिक एवं सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु– डा0 त्रिभुवन बेंजवाल, चिकित्साधिकारी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उत्तराखण्ड को दिनांक 20 मई, 2024 को 'गवर्नर्स ट्राफी' से सम्मानित किया गया। इस पुरूस्कार को प्रथम बार प्रदान किया गया है तथा भविष्य में प्रत्येक वर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु का चयन कर 'गवर्नर्स ट्राफी' से सम्मानित किया जायेगा।

## 4th Special foundation Course for Assistant Managers of Industries Department, Uttarakhand



अकादमी में दिनांक 27 मई से 05 जून, 2024 की अवधि में उद्योग विभाग के नव–चयनित सहायक प्रबन्धकों हेतु मांग आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग विभाग के नवनियुक्त सहायक प्रबन्धकों को राज्य सेवा नियमों, वित्तीय नियमों, कार्यालय प्रबन्धन के सम्बन्ध में प्रशिक्षित करना, सुशासन हेतु अंगीकृत विभिन्न अधिनियमों से परिचित करवाना तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व, जीवन प्रबन्धन, संचार, अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना रहा। जिससे कि प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण पश्चात् कार्य स्थल पर उत्कृष्टतापूर्वक कार्य कर सकें।

## Protection of Children from Sexual Offences Act (POCSO)



अकादमी में दिनांक 30 मई से 01 जून, 2024 की अवधि में 'Protection of Children from Sexual Offences Act (POCSO) विषयक प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल संरक्षण एवं POCSO अधिनियम के संदर्भ में व्यापक समझ विकसित करना तथा अधिनियम की क्रियान्वयन के संदर्भ में आवश्यक ज्ञान एवं कौशल विकसित करना रहा। जिससे कि वे बाल संरक्षण के लिए प्रभावी रूप में कार्य कर सकें तथा बाल यौन अपराधों के खिलाफ जारूकता बढ़ाने और निवारक उपायों को बढ़ावा देने में सक्षम हो सकें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के महिला कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 17 अधिकारियों द्वारा अकादमी में उपस्थित होकर तथा 40 अधिकारियों द्वारा आनलाइन प्रतिभाग किया गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस में बाल संरक्षण एवं POCSO अधिनियम के सम्बन्ध में विस्तृत समूह प्रस्तुतीकरण दिये गये। उन्हें प्रशिक्षक के रूप में प्रमाणित किया गया एवं उनसे अपेक्षा की गयी कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों को बाल संरक्षण एवं POCSO अधिनियम के संदर्भ में समुचित प्रशिक्षण प्रदान कर सकें।

## Training for Medical Officers on Medico legal Issues



दिनांक 15 से 17 मई, 2024 के मध्य अकादमी में Training programme on Medicolegal Issues for Medical Officers विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चिकित्साधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, अभियोजन अधिकारियों तथा चिकित्सा महाविद्यालय के फॉरेंसिक संकाय सदस्यों सहित कुल 31 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को Medico-Legal विषय के नियमों, अधिनियमों, प्रक्रियाओं आदि के सम्बंध में जानकारी उपलब्ध कराना था, जिससे कि विभाग आपसी समन्वय से इस प्रकार के प्रकरणों में ससमय यथोचित कार्यवाही कर सकें।

## Training for pharmacist working in Ayurved & Unani Department



दिनांक 20 से 22 मई, 2024 के मध्य अकादमी में आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं विभाग में कार्यरत कार्मिकों हेतु वित्तीय, प्रशासनिक तथा कम्प्यूटर सम्बंधी विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 39 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभाग से सम्बन्धित प्रशिक्षण के साथ–साथ कम्प्यूटर तथा ऑनलाईन कार्य का भी प्रशिक्षण दिया गया।

## Outreach Orientation training Programme



जनपद ऊधमसिंह नगर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों हेतु 02 दिवसीय सुदूरवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 08 एवं 09 मई, 2024 को आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम दिवस में 105 तथा द्वितीय दिवस में 103 अधिकारियों / कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने हेतु सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत An Overview of the RTI Act & History and Background of the RTI Act, Proactive Disclosure and Applying Exemption Under the RTI Act and Developing Jurisprudence, RTI a Change Agent: Experience Sharing, Disposal of Information Requests and Third-Party Information, Uttarakhand Right to Information Rules 2013 तथा Govt. Servant, Conduct Rules, Disciplinary Proceedings, IFMS (HRMS, Online ACR, e-pension) विषयों में प्रशिक्षित करते हुए उनकी दक्षता एवं क्षमता में गुणोत्तर वृद्धि की गई।

## "Important Dimensions of Disaster Management" Outreach



दिनांक 14 से 15 मई 2024 की अवधि में आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा Important Dimensions of Disaster Management विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कपकोट, जनपद बागेश्वर में तथा दिनांक 16 से 17 मई 2024 की अवधि में Disaster Management Awareness Programme: Disaster Risk Reduction विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड थलीसैण, जनपद पौड़ी गढवाल में किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जनपद बागेश्वर में कुल 57 प्रतिभागियों द्वारा एवं जनपद पौड़ी गढवाल में कुल 56 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकास खण्ड स्तर पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाना था।

## Training conducted by State Institute of Urban Development (SIUD)



राज्य नगरीय विकास संस्थान, डॉ. रघुनन्दन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा GIS Based Property Tax Management System in ULBs विषयक प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 27 से 29 मई, 2024 की अवधि में उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास संस्थान, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर किया गया। कार्यक्रम में राज्य शहरी निकायों के कुल 22 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**Topic Covered in the Training Programme-**

- Introduction to GIS and Basics of Property Tax Management
- Benefits and Basics of Property Tax Management
- Data Collection and Integration
- Case Studies and Best Practices
- Advanced Topics in GIS-Based Property Tax Management

## "TOT For Scaling up Behaviors Change for Sustainable WASH Implementation"



A 3-Day Outreach Training Programme on "TOT for Scaling Up Behavior Change for Sustainable Water Sanitation and Hygiene (WASH) Implementation" was held during 5th -7th June, 2024 at Veterinary Training Centre, Dehradun. Total 28 participants participated in the training programme in which Solid Waste Management, Behavior Change aspects and IEC, Water Quality Monitoring and Surveillance, SDG'S in context of WASH, Community Participation aspects and WASH were covered. A field Visit to Himalayan Environmental studies & Conservation Organization (HESCO) was undertaken to practically understand water recharge techniques, livelihoods aspects of WASH and impact on environment and sanitation.

## Training–Cum-Study Tour for Civil Service Officers of Bihar Govt.



The Centre for Good Governance, DRST UAoA has organized a training program for officers of "Bihar Institute of Public Administration and Rural Development" during 20 to 25 May, 2024. The participant officers were provided comprehensive learning experience through a combination of classroom lectures, workshops, field visit and interactive sessions with different stakeholders. One of the key focuses of the program has been on understanding the socio-economic, geographic and environmental status of the State of Uttarakhand.

The participants delve into the state's rich history, cultural heritage and unique geographical features, gaining insights that can be applied to administrative contexts of the state of Bihar Additionally the participants were given an opportunity to know about tourism development and management in Uttarakhand state with special emphasis on religious tourism, ecotourism and adventure tourism. Moreover, aspects related to bio-diversity, forest and wildlife management were also covered. The participants also learnt effective administrative procedures, financial management practices and innovative approaches to public service delivery. Total 64 participants from the "Bihar Institute of Public Administration and Rural Development have participated in this training programs organized in the month of May, 2024

Shri Sunil Kumar, IAS ®, Former Secretary Panchayati Raj, MoPR, New Delhi shared his knowledge on the subject i.e. LSDGs: Planning for Achieving SDGs for Rural India: Insights from Past Experience to the trainee officers of Bihar.

## Training Event June, 2024

| S.N. | Name of the Training Programme | From | To | Course Director |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ToT for Scaling up Behavior Change for Sustainable Water Sanitation and Hygiene (WASH) Implementation | 5.6.2024 | 7.6.2024 | Ragini Tiwari |
| 2. | 2-Days Training Programme on CrPC, IPC and Indian evidence act | 10.6.2024 | 11.6.2024 | Mohammad Nasir |
| 3. | ToT : Right to Information Act 2005 | 10.6.2024 | 12.6.2024 | Dr. Mahesh Kumar |
| 4. | WASHi Project Initiation Workshop | 13.6.2024 | 13.6.2024 | Manoj Pande |
| 5. | Disaster Management: Incident Response System | 13.6.2024 | 15.6.2024 | Dr. Manju Pandey |
| 6. | 2-Days Training Programme on CrPC, IPC and Indian evidence act | 19.6.2024 | 20.6.2024 | Mohammad Nasir |
| 7. | Birth And Death Registration Act | 20.6.2024 | 21.06.2024 | Dr. Deepa Mehra Rawat |
| 8. | Capacity Building & Training Programme for Homeopathic Pharmacist | 24.06.2024 | 29.06.2024 | Poonam Pant |
| 9. | Right to information act-2005 | 27.06.2024 | 27.06.2024 | Dr. Om Prakash |
| 10. | IFMS, E-office & Disaster Management | 28.06.2024 | 28.06.2024 | Dr. Om Prakash |

सर्वभूतहिते रताः

डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी
आर्डवेल कैम्प, नैनीताल – 263001
**Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration**
**Ardwell Camp, Nainital - 263001**

Phone फोन : 235011
: 236068
: 236149
Fax फैक्स : 237642
STD एसटीडी : 05942
E-Mail ई–मेल
directoracademy@hotmail.com